हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 11 जनवरी 2026

06 विस्थापित दुकानदारों का बढ़ा और इंतजार



10 युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के ...





## खबर संक्षेप

### पाटनी में सेवा दल का मिलन समारोह आयोजित

**माखन नगर।** विगत 7 वर्षों से ग्राम पाटनी में कांग्रेस पार्टी का प्रतिवर्ष मिलन समारोह का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी ब्लॉक कांग्रेस सेवादल ने जिले के कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में मिलन समारोह का आयोजन किया। जिसमें विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस के प्रत्याशी रहे पुष्पराज पटेल, मप्र कांग्रेस के महामंत्री केलु उपाध्याय यशवंत राजपूत बाबू चौधरी ब्लॉक अध्यक्ष हेमंत यादव सुधीर सिंह ठाकुर अमित गुप्ता प्रमोद यादव सुमन चौधरी, रमन शुक्ला, सुबोध दुबे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ग्राम पंचायत स्तर पर संगठन को मजबूत करने लिए ग्राम इकाई के जोर दिया।

### सकल हिंदू समाज ने दूसरे दिन निकाली बाइक रैली

**माखननगर।** विराट हिंदू महासम्मेलन के लिए लगातार नगर में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे है। दूसरे दिन शनिवार को राम जानकी मंदिर से विशाल बाइक रैली निकाली गई। बाइक रैली के आगे आगे डीजे की धुन पर बाइक सवार हाथों में केसरिया ध्वज लिए सनातनी नारे लगा रहे थे। बाइक रैली में सैकड़ो की संख्या मे दो पहिया वाहन शामिल हुए।

### त्रुटि सुधार सूचना

**सेमरीहरचंद।** 10 जनवरी को हरिभूमि में प्रकाशित चेक बाउंस मामले में गिरफ्तारी समाचार में त्रुटिवश रमाशंकर उर्फ गुड्डु पटवा के स्थान पर राजू पटवा अंकित हो गया है खबर में रमाशंकर उर्फ गुड्डु पटवा पढ़ा जाए।

### मकर संक्रांति के साथ नर्मदा जयंती और गौरव दिवस की तैयारी जारों से जारी

# उत्सवः नई पीढ़ी धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन में भी ले रही बढ़-चढ़कर हिस्सा

नर्मदापुरम के पवित्र घाटों सहित अन्य स्थानों पर लगातार धार्मिक गतिविधियां बढ़ गई हैं, जिससे मां नर्मदा की नगरी की छवि निखरकर आ रही है। इसमें ध्यान देने वाली बात यह है कि आयोजनों में युवाओं की भागीदारी बढ़ रही है, जो सुखद पहलू है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम


माँ नर्मदा की नगरी के रूप में पहचाने वाले नर्मदापुरम की छवि धार्मिक आयोजनों की निरंतरता से निखर रही है। इन आयोजन की श्रृंखला समाज को सकारात्मक दिशा देने का कार्य कर रही है। आप हर दिन शहर के विभिन्न हिस्सों में श्रीराम कथा, श्रीमद्भागवत कथा, देवी पुराण, भजन-कीर्तन और यज्ञ जैसे आयोजन हो रहे हैं, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं।

इन आयोजनों का प्रभाव आध्यात्मिक ,सामाजिक, सांस्कृतिक और नैतिक स्तर पर भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। खासबात यह की इन आयोजनों में युवाओं की निरंतर भागीदारी बढ़ी हैं। जबकि पहले इन आयोजनों को बुजुर्गो तक ही सीमित माना जाता था। ऐसे में संकेत साफ है कि नई पीढ़ी भी अपनी सांस्कृतिक से जुड़ना चाहती है। जिसके कारण वह धार्मिक कार्यक्रमों बढ़चढ़ का हिस्सा ले रही है।

### मेल-जोल, संस्कार सहेजने का माध्यम भी बन रहे आयोजन

धार्मिक आयोजनों का एक सकारात्मक पहलु यह भी है कि इससे समाज में आपसी मेल-जोल और सामुहिकता की भावना मजबूत होती है। विभिन्न वर्गों , जातियों और उम्र के लोग एक साथ बैठकर कथा-श्रवण करते हैं, जिसमें सामाजिक समरसता दिखाई देती है। वहीं जिले में हो रहे धार्मिक आयोजन केवल आस्था तक सीमित नहीं हैं, बाल्कि समाज को जोडने, संस्कार को सहेजने और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने का सतत माध्यम बन है। यही कारण है कि नर्मदापुरम की पहचान आज भी जीवंत हैं। इसी कड़ी में मां नर्मदा जयंती के आयोजन की तैयारियों भी जोरों पर है।

### मां नर्मदा प्रकटोत्सव मनाने की तैयारियां तेज



नगरपालिका द्वारा गौरव दिवस और मां नर्मदा जयंती मनाने की तैयारियां तेजगति से प्रारंभ कर दी गई है। मां नर्मदा जयंती को दिव्य और भव्य बनाने के लिए घाटों को इंद्र धनुषीय रंगों से सजाया रहा है। घाटों पर स्वच्छता पर विशेष ध्यान रखा जा रहा है। मां नर्मदा के सभी घाट इंद्र धनुषीय छंटा बिखेर रहे हैं। उपयंत्री अंबक पाराशर ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव के मार्गदर्शन में एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देशन में मां नर्मदाजी की जयंती और नर्मदापुरम का गौरव दिवस मनाने की तैयारियां जोरों पर चल रही है। सभी घाटों की मनभावन रंगों से पुताई कराई जा रही है। घाटों की सुंदरता बढ़ाने के लिए छोटी छोटी बारीकियों पर ध्यान दिया जा रहा है। नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने बताया कि नगर में मां नर्मदा जयंती और हमारे नगर का गौरव दिवस मनाने के लिए तैयारी चल रही है। नागरिकों से आग्रह है कि घाटों पर किसी भी प्रकार की गंदगी न करें। स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें।

### सूर्य के उत्तरायण होने का इंतजार

मकर संक्रांति को लेकर नर्मदा के घाटों पर तैयारियां तेज हो गई है। 14 जनवरी को नर्मदा के मुख्य घाटों सहित अन्य घाटों पर स्नान और पूजन पाठ के लि बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने को देखते हुए प्रशासनिक व्यवस्थाएं की जा रही है। घाटों की साफ-सफाई के अलावा पहुंच मार्गो पर काम किया जा रहा है। इसके अलावा नर्मदा जयंती के पूर्व ही घाटों पर रंगाई-पुताई का कार्य जारी है।

### मेहर गढ़वाल समाज की चुनरी यात्रा रविवार को

मेहर गढ़वाल समाज द्वारा पुण्य सलिला मां नर्मदा जी की चुनरी यात्रा का आयोजन रविवार को किया जा रहा है। नवल किशोर गाडरिया ने बताया कि रविवार को रामजीबाबा समाधि स्थल से सुबह 9 बजे प्रारंभ होकर सेठानीघाट पर नर्मदा मैया को चुनरी अर्पित की जाएगी। इसके बाद चौरिया कुर्मी धर्मशाला मंगलवारा घाट पर भंडारे का आयोजन होगा।

# घायलों की मदद करके प्रशासन से सम्मान पाएं आम नागरिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

अपराधियों में खौफ पैदा करने वाली पुलिस की वर्दी अब सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करने और कानूनी दिक्कत से सुरक्षा के साथ प्रशासन से सम्मान भी प्राप्त करने की अपील कर रही है।

विदित राहवीर योजना के अंतर्गत शासन द्वारा इस प्रकार का प्रावधान किया गया है।

मध्य प्रदेश की 'राहवीर योजना' सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को 'गोल्डन आवर' दुर्घटना के 1 घंटे के भीतर में अस्पताल पहुंचाने वाले मददगार नागरिक (राहवीर) को 25 हजार का इनाम देती है, जिसका उद्देश्य जान बचाने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करना है, जैसा कि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा अनुमोदित और लागू किया गया है, और इस योजना में राहवीरों को कानूनी सुरक्षा और प्रशंसा भी मिलती है।

**योजना की मुख्य बातें**

- 25 हजार का इनाम घायल को अस्पताल पहुंचाने वाले प्रत्येक राहवीर को यह राशि मिलती है, भले ही एक से ज़्यादा लोग मदद करें।
- **कानूनी सुरक्षा:** मोटर वाहन अधिनियम 2019 की धारा 134 ए के तहत राहवीरों को कानूनी संरक्षण मिलता है, ताकि वे निडर होकर मदद कर सकें।
- **प्रशंसा:** सभी पात्र राहवीरों को प्रशस्ति पत्र दिया जाता है। इसके साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान हर साल 10 उत्कृष्ट राहवीरों को 1 लाख और ट्रॉफी से दिल्ली में सम्मानित किया जाता है।
- **भुगतान:** पुरस्कार राशि सीधे राहवीर के बैंक खाते में पीएफएमएस के माध्यम से भेजी जाती है।
- **प्रचार:** मध्य प्रदेश सरकार इस योजना के बारे में जागरूकता बढ़ा रही है ताकि अधिक लोग आगे आएं।
- **उद्देश्य:** सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को कम करना।

## जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिवस "युवा दिवस" के अवसर पर 12 जनवरी 2026 को जिले में जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

यह कार्यक्रम सुबह 9 बजे से 10:30 बजे तक शासकीय पीएम श्री नर्मदा महाविद्यालय, नर्मदापुरम में संपन्न होगा। इस अवसर पर जिले की समस्त शासकीय एवं अशासकीय शिक्षण संस्थाओं में एक साथ एवं एक ही संकेत पर सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों एवं युवाओं में शारीरिक, मानसिक एवं नैतिक सुदृढ़ता के साथ-साथ अनुशासन की भावना विकसित हो सके। कलेक्टर सोनिया मीना ने उक्त कार्यक्रम को गरिमामय एवं सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित किए जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं।

## स्वामी विवेकानंद जयंती पर सेवा सप्ताह का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

राजा भभूत सिंह शासकीय महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में 'सेवा सप्ताह' का उत्साहपूर्वक आयोजन किया जा रहा है। उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में यह आयोजन 12 जनवरी तक चलेगा। सेवा सप्ताह के अंतर्गत आयोजित परिचर्चा में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. शेखर ने स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला। उन्होंने विवेकानंद के आध्यात्मिक और सामाजिक विचारों के समन्वय को राष्ट्र निर्माण के लिए अनिवार्य बताया और भारतीय संस्कृति में युवाओं की महत्ता को रेखांकित किया। क्रीड़ा अधिकारी डॉ. सत्य प्रकाश पटेल ने युवाओं को समाज सेवा के माध्यम से व्यक्तित्व विकास करने की प्रेरणा दी, वहीं श्री रोहित कुशवाहा ने विवेकानंद के शिकागो व्याख्यान और उनके वैश्विक विचारों से विद्यार्थियों को अवगत कराया। स्वामी विवेकानंद के जीवन, विचार एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान₹ विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई।

विद्यार्थियों ने विवेकानंद के आदर्शों को प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे,प्रथम स्थानः प्रियांशी ब्रह्मवंशी, द्वितीय स्थानः रूपाली ठाकुर,तृतीय स्थानः कनुश्री साहू रही। कार्यक्रम का सफल संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रफुल्ल कुमार टेंभरेकर द्वारा किया गया। इस अवसर पर सदीपाली जैन, डॉ. शाफिया जहरा, सुरेश कुमार दहिकर सहित समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

## अधिकारी के साथ ही बीआरसी ने किया खिलाड़ियों को सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



नगर पालिका परिषद क्षेत्र के सांदीपनी विद्यालय क 'प्राचार्य संजीव दुबे ने बताया 6 दिन से एकता स्पोर्ट्स क्लब के द्वारा राज्य स्तरीय सतपुड़ा ट्राफी लेदर बाल क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित हुई है। 6वे दिन दूसरा सेमीफाइनल मैच आरसीसी बनखेड़ी एवं यूथ क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। जिसमें मुख्य अतिथि विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी श्रीलाल रघुवंशी, विशेष अतिथि बीआरसी प्रदीप शर्मा उपस्थिति रहे। आरसीसी बनखेड़ी ने 8 रन से मैच जीता। खिलाड़ी तेजश को मैन ऑफ द मैच एसडीओपी मोहित यादव ने प्रदान किया। मैच के दौरान पूर्व नपाध्यक्ष राजीव जायसवाल, सरिता बैस, शरद दुबे रहे।

## संदिग्ध का स्केच जारी, मदद की गुहार

### फुटेज के आधार पर मृत युवती और युवक की जा रही है पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



मानवता को शर्मशार करने वाले हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने पुलिस ने संदिग्ध आरोपी का स्केच जारी कर आमजनों से मदद की गुहार लगाई है।

यह हत्याकांड न्यूयार्ड क्षेत्र में हुआ था। जिसमें युवती का सिर पत्थर से कुचलकर उसे बेदर्दी से मौत के घाट उतार दिया। अब तक न तो मृतका की पहचान हो पाई है न ही संदिग्ध आरोपी का कोई ठोस सुराग लगा है। पुलिस को कुछ सीसीटीवी फुटेज मिली जिसके आधार पर जांच आगे बढ़ाई जा रही है। फुटेज के आधार पर युवक और युवती की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं सीसीटीवी फुटेज जारी कर आमजनों से अपील की गई है कि किसी के पास भी इस मामले से संबंधित कोई जानकारी हो तो वह पुलिस से साझा करे नाम गोपनीय रखा जाएगा। विदित हो कि घटना की रात युवती ट्रेक्टर-ट्राली से नर्मदापुरम से इटारसी की ओर संदिग्ध युवक के साथ गई थी। जिसके आधार पर जांच की जा रही है। साथ ही रेल्वे स्टेशन पर भी मृतका युवती संदिग्ध के साथ देखी गई है।

### जिले में चाइना निर्मित मांझे के विक्रय पर प्रतिबंध

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी नर्मदापुरम सोनिया मीना ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए चाइना निर्मित मांझे के विक्रय एवं उपयोग पर प्रतिबंधात्मक आदेश पारित किया है। यह आदेश नर्मदापुरम जिले की संपूर्ण राजस्व सीमा क्षेत्र में तत्काल प्रभाव से लागू होगा। आदेश में उल्लेख किया गया है कि चाइना निर्मित मांझा मानव जीवन, विशेषकर राहगीरों, दोपहिया वाहन चालकों एवं पक्षियों के लिए अत्यंत घातक सिद्ध हो रहा है।

## नपा की अतिक्रमण और सड़क अवरूद्ध करने वालों पर कार्रवाई



**नर्मदापुरम।** सड़क अवरूद्ध कर व्यवसाय कर रहे लोगों पर आज नगरपालिका के अतिक्रमण दल द्वारा जबर्दस्त कार्रवाई की गई है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के नेतृत्व में हुई कार्रवाई के दौरान 75 क्रेट, 5 ठेले जब्त किए गए और 4 फल एवं सब्जी विक्रेताओं पर जुर्माना किया गया है। यह कार्रवाई हीरो होण्डा शोरूम से लेकर नेहरू पार्क, पानी की टंकी के पास तक की गई है। साथ ही हिदायत दी गई कि दोबारा सड़क मार्ग अवरूद्ध किया तो जब्ती के साथ जुर्माना भी किया जाएगा। जिसकी समूची जिम्मेदारी सड़क मार्ग अवरूद्ध कर रहे लोगों की होगी। अतिक्रमण दल सहप्रभारी सुनील राजपूत ने बताया कि मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर कार्रवाई की गई है। इस दौरान सीएमओ श्रीमती पटले द्वारा नेहरू पार्क स्थित पानी की टंकी का निरीक्षण किया गया। साफ दमकल कार्यालय का निरीक्षण कर त्यौहारों को देखते हुए सतर्क रहने के निर्देश दिए गए। नर्मदा प्रकटोत्सव और नगर गौरव के साथ ही धार्मिक त्यौहार होने के कारण यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## चाइनीज़ मांझा बेचने वाले पर पुलिस प्रकरण दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



पतंग उड़ाने के लिए उपयोग में लाए जाते चाइनीज़ मांझे पर प्रतिबंध है। वहीं सोहागपुर में चाइनीज़ मांझा बेचने वाले एक व्यक्ति पर सोहागपुर पुलिस ने शनिवार शाम प्रकरण दर्ज किया है।

जानकारी अनुसार भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत कार्रवाई करने के निर्देश उच्च स्तर से दिये गए हैं। तथा प्रतिबंध बावजूद सरदार वार्ड सोहागपुर में प्रतिबंधित चाइनीज़ मांझा बेच रहे शेख हनीफ पिता शेख याकूब पर प्रकरण दर्ज किया गया है।

पुलिस के अनुसार शेख हनीफ का कृत्य धारा 223 (बी) बीएनएस के तहत होने से चाइनीज़ मांझा जप्त किया गया है। तथा धारा 223 (बी) बीएनएस का प्रकरण दर्जकर विवेचना में लिया गया है।

### सोमनाथ मंदिर जीर्णोद्धार के 100 वर्ष होने पर जिले में कराया

# ओम नमः शिवाय का सामूहिक जाप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



श्री सोमनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार के 100 वर्ष पूर्ण होने के गौरवशाली अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिलेभर में विशेष धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला के मार्गदर्शन में जिले के सभी मंडलों में स्थित शिव मंदिरों में 'ओम नमः शिवाय' का सामूहिक जाप कर श्रद्धा और आस्था के साथ यह ऐतिहासिक अवसर मनाया गया।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अमित माहला ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की प्रेरणा से प्रारंभ सोमनाथ स्वाभिमान पर्व–2026 के अंतर्गत शनिवार को जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने सिवनी मालवा नगर स्थित शंकर मंदिर में दर्शन कर ॐकार मंत्र का जप एवं विधिवत पूजा-अर्चना की। इस अवसर उन्होंने सनातन स्वाभिमान एवं शिवालयों की अखंडता के लिए संकल्प भी लिया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री रनरेंद्र मोदी द्वारा सोमनाथ मंदिर के गौरवशाली इतिहास और उसके जीर्णोद्धार के शताब्दी वर्ष को लेकर दिए गए संदेश से कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। इसी प्रेरणा के साथ जिलेभर में यह आयोजन संपन्न हुए, जिससे धार्मिक चेतना और सांस्कृतिक गौरव को नई ऊर्जा मिली।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष रितेश जैन, यशवंत पटेल, मंडल अध्यक्ष सचिन अग्रवाल, पार्षद राजेश बथाव, दीपक बाथव, दुर्गेश उईके, अनिल अग्रवाल, अतुल बकोरिया, दीपक बटाव, राजाराम गौर, नितिन परिहार सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने ॐकार मंत्र के जप के साथ दिन की पावन शुरुआत कर राष्ट्र, धर्म और संस्कृति सेवा संकल्प लिया।

# 1788 करोड़ की सौगात पर सांसदों का किया सम्मान

### नवीन पेपर मशीन की स्थापना को मिली मंजूरी, सांसद चौधरी का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

एसपीएम नवीन पेपर मिल की सौगात केंद्र से स्वीकृत होने पर हर्षोत्साहित भारतीय मजदूर संघ एसपीएम ने सांसद दर्शन चौधरी का भव्य स्वागत कर आभार जताया। सांसद चौधरी का स्वागत कार्यक्रम एसपीएम गेट न 2 मुख्य कारखाने पर हुआ, जहाँ आयोजकों सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे। ज्ञात रहे कि एसपीएम को नवीन पेपर मशीन पीएम 6 सांसद के अथक प्रयास से 1768 करोड़ की सौगात मिली है। सांसद ने सांसद बनते ही क्षेत्र विकास के लिए प्रमुख महत्त्वपूर्ण मुद्दे और जनता हितैषी माँग मोदीनीत भाजपा केंद्र सरकार के समक्ष प्रमुखता से उठाते आए हैं। सांसद ने एसपीएम नवीन मशीन की मांग को लेकर जुलाई 2024 को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन को पत्र लिखा था। जिसका सकारात्मक परिणाम 1768 करोड़ स्वीकृति सबके सामने है। जहां प्रतिभूति कागज कारखाना के अधिकारियों कर्मचारियों के साथ मजदूर संघ के पदाधिकारी ने ढोल नगाड़ों के साथ सांसद का उत्साहपूर्ण स्वागत किया। यह स्वागत क्षेत्र में व्याप्त खुशी, विश्वास और आशा का प्रतीक रहा।



नर्मदापुरम के औद्योगिक विकास की दिशा में एक ऐ ति हा सि क उपलब्धि के रूप में प्रतिभूति कागज कारखाना नर्मदापुरम में नवीन पेपर मशीन की स्थापना को केंद्र सरकार से स्वीकृति प्राप्त हुई है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए प्रतिभूति कागज कारख़ाना मजदूर संघ नर्मदापुरम के पदाधिकारियों ने राज्यसभा सांसद माया नारोलिया का उनके कार्यालय पहुंचकर सम्मान करते हुए आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि राज्यसभा सांसद माया नारोलिया द्वारा विगत दो वर्षों से लगातार इस विषय को लेकर केंद्र सरकार के समक्ष गंभीर प्रयास किए जा रहे थे। उनके सतत प्रयासों एवं मांग के परिणामस्वरूप माननीय प्रधानमंत्री एवं वित्त मंत्री के निर्देशानुसार वित्त मंत्रालय द्वारा एसपीएम नर्मदापुरम में प्रतिवर्ष 6 हजार मैट्रिक टन क्षमता की अत्याधुनिक सिलेंडर मोल्ड वैट मेड वाटरमार्कड बैंक नोट पेपर मैन्युफैक्चरिंग लाइन की स्थापना को स्वीकृति प्रदान की गई है। इसमें प्रतिभूति कागज कारख़ाना मजदूर संघ पदाधिकारियों ने सांसद नारोलिया को शॉल, पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। इसमें संजीव राणा, पवन प्रजापति, संजय उपाध्याय, अनिल सिंह, राघवेंद्र गौर, पवन चौधरी, उमेश राजपूत आदि मौजूद रहे।



### आरोप: धीमी गति से चल रहा गंज मंडी कॉम्प्लेक्स का निर्माण कार्य

# विस्थापित दुकानदारों का बढ़ा और इंतजार




हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

बैतूल गंज मंडी में अधूरे कॉम्प्लेक्स के निर्माण को लेकर नगरपालिका द्वारा पुनः टेंडर कर काम तो शुरू करा दिया गया है, लेकिन काम की रफ्तार काफी धीमी है। आरोप है कि यहां निर्माण के नाम पर केवल लीपापोती की जा रही है। जिससे दुकानदारों में नाराजगी भी बनी हुई है। दुकानदारों का आरोप है कि जो दीवारे खड़ी की जा रही है, उनकी तराई तक नहीं हो रही है। जिससे निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल सवाल खड़े हो रहे है।

गंज में बहुमंजिला काम्प्लेक्स का निर्माण करीब 11 साल पहले शुरू हुआ था। लेकिन ड्राईंग-डिजाइन बदलने से इस काम में देरी हुई। जानकार बताते है कि काम्प्लेक्स की बार-बार ड्राइंग डिजाइन बदलने से पुराने ठेकेदार ने बीच में ही काम छोड़ दिया था। जिसके बाद नगरपालिका ने पुनः टैंडर कर कॉम्प्लेक्स को पूरा करने की शुरूआत की, लेकिन इस काम में गुणवत्ता को परे रखकर काम किये जाने का आरोप लग रहा है। जानकारों का मानना है कि बिना उचित तराई के खड़ी की गई दीवारें भविष्य में कमजोर साबित हो सकती है। बता दे कि अधूरे काम्प्लेक्स को पूरा करने नगरपालिका को दोबारा टेंडर करना पड़ा, जिससे इस पूरे प्रोजेक्ट की लागत बढक़र करीब 17 करोड़ रुपए पहुंच गई। इस लागत में पहले चरण में पुराने अधूरे काम्प्लेक्स का निर्माण पूर्ण करना और दूसरे चरण में नए काम्प्लेक्स, पार्किंग ओर अन्य सुविधाओं का निर्माण शामिल है। बावजूद इसके आठ महीने बीत जाने के बाद भी निर्माण कार्य अपेक्षित गति से आगे नहीं बढ़ सका है।

#### टीन शेड और तारपोलिन में लग रही दुकानें

जब से गंज मंडी कॉम्पलेक्स का निर्माण शुरू हुआ है तभी से गंज का बाजार बुरी तरह से अव्यवस्थित हो गया है। कॉम्पलेक्स में जिन व्यापारियों ने दुकानें ली हैं, वे फिलहाल अव्यवस्थित रूप से लंबे समय से व्यापार करने को मजबूर हैं, कोई तारपोलिन लगाकर तो कोई टीन की टपरी में अपनी दुकान संचालित कर रहा है। सबसे बड़ी बात यह है कि अब लंबा समय बीत जाने के बाद व्यापारियों के भी सब्र का बांध फूट रहा है। व्यापारियों का कहना है कि कभी लागत बढ़ रही है, तो कभी ड्राइंग डिजाइन बदली जा रही है। नपा द्वारा व्यापारियों की सुविधाओं को पूरी तरह से नजर अंदाज किया जा रहा है, इसलिए गंज के व्यापारी जनप्रतिनिधियों से भी कई बार मिलकर मंडी कॉम्पलेक्स निर्माण पूरा करने की गुहार लगा चुके हैं।

#### दुकानों का आवंटन किया, हैंडओवर नहीं

तीन साल पहले 65 दुकानदारों ने काम्प्लेक्स में दुकान पाने नगरपालिका में रुपए जमा किए थे। लॉटरी से दुकानों का आवंटन भी कर दिया था, लेकिन आज तक दुकानों का हैंडओवर नहीं हो सका है। काम्प्लेक्स में आधी दुकाने तो बना दी गई है, लेकिन वे भी अधूरी हालत में है। ऐसे में जिन दुकानदारों ने राशि जमा कर उम्मीद लगाई थी, उन्हें अब भी अनिश्चितता का सामना करना पड़ रहा है। री-टेंडर के बाद जब निर्माण कार्य दोबारा शुरू हुआ तो, उम्मीद जगी थी कि अब उन्हें जल्द ही दुकानें मिल जाएंगी, लेकिन जमीनी स्थिति इसके विपरीत है। काम की रफ्तार काफी धीमी बताई जा रही है, जिससे परियोजना के समय पर पूर्ण होने पर संदेह और गहरा गया है।

#### काम्प्लेक्स में बनना है 400 दुकानें

गंज मंडी काम्प्लेक्स में करीब 400 दुकानों का निर्माण प्रस्तावित है, लेकिन अभी तक 100 दुकानों का निर्माण भी निर्माण पूरा नहीं हो सका है। बार-बार ड्राईंग-और डिजाइन में किए गए बदलावों ने निर्माण कार्य को प्रभावित किया है। पुराने टेंडर को निरस्त कर नए सिरे से टेंडर करने के बावजूद हालात नहीं सुधरे हैं। नतीजतन, विस्थापित दकानदारों को अब भी लबे इंतजार के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। कुल मिलाकर, गंज मंडी काम्प्लेक्स का निर्माण नगरपालिका की कार्यप्रणाली और निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। अगर समय रहते गुणवत्ता, प्राथमिकता और गति पर ध्यान नहीं दिया गया, तो यह परियोजना भी अधूरी योजनाओं की सूची में शामिल हो सकती है।

#### तीन दिन पहले ही नपा अध्यक्ष ने किया था निरीक्षण

तीन दिन पहले ही नगरपालिका अध्यक्ष पार्वती बाई बारस्कर ने शहर में चल रहे निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया। इस दौरान नपा अध्यक्ष ने गंज मंडी के निर्माण कार्य का स्थल निरीक्षण किया। यहां आधार तल की दुकानों का कार्य तेजी से पूरा करने के निर्देश ठेकेदार को दिए गए। ठेकेदार द्वारा बताया गया कि टाइल्स और रोलिंग शटर के ऑर्डर दे दिए गए हैं, जो लगभग 10 से 15 दिनों में प्राप्त होकर लगाए जाने शुरू हो जाएंगे। इससे गंज मंडी के नीचे स्थित दुकानदारों को शीघ्र दुकानों का आवंटन किया जा सकेगा। निरीक्षण के दौरान नपा अध्यक्ष ने ठेकेदार को निर्देशित किया कि स्वीकृत ड्राइंग के अनुसार शेष लेआउट का निर्माण कार्य भी शीघ्र प्रारम्भ कर कार्य को समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। वर्तमान में गंज मंडी के ग्राउंड फ्लोर की दुकानों को पूर्ण करने का कार्य प्रगति पर है, जिसे शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए।

#### इनका कहना है

विस्थापितों को जो दुकानें आवंटित होना है, उनमें शटर और टाइल्स लगाने का काम शेष है। शटर बनाने का काम चल रहा है। जल्द ही दुकानें पूर्ण कर ली जाएंगी। हम निर्माण कार्य की मॉनिटरिंग लगातार कर रहे हैं।

- नगेन्द्र वागद्रे,
सब इंजीनियर नगर पालिका बैतूल


### बैठक में बाइक रैली की सौंपी जिम्मेदारियां

## हल्दी-कुमकुम से होगा विश्वकर्मा जयंती महोत्सव का आगाज



**बैतूल।** विश्वकर्मा बढ़ई समाज समिति महिलामण्डल की एक महत्वपूर्ण बैठक विश्वकर्मा मंदिर, बैतूल गंज में आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य आगामी 29 जनवरी से 31 जनवरी तक आयोजित होने वाले तीन दिवसीय विश्वकर्मा जयंती महोत्सव की तैयारियों पर विचार-विमर्श करना रहा। बैठक में जयंती महोत्सव के अंतर्गत प्रस्तावित बाइक रैली को सफल बनाने को लेकर भी निर्णय लिया गया। महिलामण्डल की सभी पदाधिकारियों को बाइक रैली की जिम्मेदारी सौंपी गई और प्रत्येक सदस्य को कम से कम 10-10 बाइक के साथ रैली में पहुंचने की जवाबदारी दी गई, ताकि जयंती महोत्सव के प्रचार-प्रसार के साथ रैली को भव्य एवं सफल बनाया जा सके। महिला मण्डल की जिलाध्यक्ष अर्चना बल्लू मालवी ने बताया कि जयंती महोत्सव के अंतर्गत 18 जनवरी रविवार को दोपहर 12 बजे से विश्वकर्मा मंदिर बैतूल गंज में हल्दी-कुमकुम का आयोजन किया जाएगा। बैठक में हल्दी-कुमकुम कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई और बैठक व्यवस्था, स्वागत-सम्मान, वान बांटने, हल्दी-कुमकुम लगाने, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा मंच संचालन की जिम्मेदारियां महिला मण्डल की पदाधिकारियों को सौंपी गईं। साथ ही पूर्व वर्षों की तरह इस वर्ष भी जयंती महोत्सव के सभी कार्यक्रमों की जिम्मेदारी महिलामण्डल की सभी सदस्याओं एवं पदाधिकारियों द्वारा सामूहिक रूप से लेने का निर्णय लिया गया। आमंत्रण पत्र वितरण एवं हल्दी-कुमकुम कार्यक्रम के आमंत्रण की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी महिलामण्डल ने ली। बैठक में महिला मण्डल प्रमुख ममता बबलू मालवी, कार्यकारी अध्यक्ष अंजनी गोवर्धन, कांता सीएल मालवी, ज्योति धर्मराज मालवी, कमल बलराम, उर्मिला रमेश, सुनंदा, सुनीता बलवीर, पिंकी दिनेश, सुनीता शिवदयाल, उन्नति जितेंद्र, ममता सुरेश, उषा होमेन्द्र, मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। बैठक के अंत में महिलामण्डल प्रमुख एवं अध्यक्ष ने समाज के सभी सामाजिक बंधुओं से जयंती महोत्सव को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने की अपील की।

### प्रसिद्ध शिक्षाविद् के. बी. सिंह का श्रद्धांजलि कार्यक्रम आज



**बैतूल।** वरिष्ठ पत्रकार अनिल सिंह ठाकुर एवं चंद्रभूषण सिंह चौहान भोपाल के ससुर प्रसिद्ध शिक्षाविद् कुंवर बहादुर सिंह (के. बी. सिंह) का 89 वर्ष की आयु में 29 दिसंबर को दुखद निधन हो गया था। ब्रम्हलीन आत्मा की शांति के लिए 11 जनवरी रविवार को श्रद्धांजलि कार्यक्रम छतरपुर चौक,ओल्ड पेट्रोल पंप के पीछे बगडोना में उनके निवास के सामने दोपहर तीन बजे से किया है। प्रसिद्ध शिक्षाविद् के. बी. सिंह के व्यक्तित्व एवं कृतित्व के लोग कायल थे। उनके निधन पर केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उइके, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व विधायक हेमंत खंडेलवाल, पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे, विधायक डॉ योगेश पंडाग्रे एवं गंगा उइके, सारणी नपा अध्यक्ष किशोर बरदे ने अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की थी। उनके अनेक विद्यार्थियों ने प्रशासनिक एवं राजनीति के क्षेत्र में महत्वपूर्ण पदों पर पहुंचकर जिले एवं उनका नाम रोशन किया था।

### कलेक्टर और एसपी की त्वरित कार्रवाई से स्थिति पर पाया गया शीघ्र नियंत्रण

## भगवा झंडे जलाकर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल


बैतूल। भगवा झंडे जलाकर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाने वाले आरोपियों को कलेक्टर व एसपी की त्वरित कार्यवाही के चलते गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने गिरफ्तार कर स्थिति को शीघ्र नियंत्रण में कर लिया। अन्यथा सांप्रदायिक सद्भाव का माहौल बिगड़ सकता था। पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार 10 जनवरी को बसंत पिता संजू साहू (21) निवासी लोहिया वार्ड गंज बैतूल ने थाना गंज में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि हिंदू सम्मेलन के अवसर पर समाज के लोगों द्वारा 9 जनवरी की रात्रि लगभग 11.30 बजे नंदी चौक बाबा विश्वनाथ मंदिर की गली एवं आसपास के क्षेत्र में भगवा झंडे लगाए गए थे।

10 जनवरी को प्रातः लगभग 7.30 बजे, जब सकल हिंदू समाज द्वारा प्रभात फेरी निकाली जा रही थी, तब नंदी चौक गंज पहुँचने पर यह पाया गया कि खंडेलवालजी के घर के पास लगाए गए लगभग 30-40 झंडे (डंडे सहित) गायब थे। आसपास तलाश करने पर 8-10 भगवा झंडे पुष्पराज मिश्रा की आटा चक्की के पास अधजले हुए अवस्था में पाए गए। अज्ञात आरोपियों द्वारा रात्रि के समय भगवा झंडा उतारकर जलाए जाने से धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का कार्य किया। जिससे क्षेत्र का सांप्रदायिक सद्भाव का माहौल बिगड़ सकता था।

पुलिस टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर अज्ञात आरोपियों की पतारसी की गई। विवेचना के दौरान तौफिक खान पिता सहीर खान, 23 वर्ष, निवासी लोहिया वार्ड गंज और मुशरफ खान पिता लतीफ खान, 23 वर्ष, निवासी लोहिया वार्ड, गंज इन दोनों आरोपियों को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें उनके द्वारा अपराध स्वीकार किया गया। आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। यहां उल्लेखनीय है कि संदिग्ध युवकों द्वारा झंडे को जलाने की सूचना सबसे पहले कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी को प्राप्त हुई, तो उन्होंने सूचना की गंभीरता और संवेदनशीलता को देखते हुए तत्काल एसपी बैतूल वीरेंद्र जैन को घटनाक्रम से अवगत करवाकर एसडीएम बैतूल डॉ. अभिजीत सिंह को मौके पर भेजा, ताकि किसी प्रकार से कानून व्यवस्था भंग होने की स्थिति निर्मित न हो। एसडीएम बैतूल ने बताया कि किसी प्रकार के तनाव की स्थिति निर्मित नहीं हुई, पूरी तरह स्थिति नियंत्रण में है और संदिग्ध युवकों को पुलिस द्वारा हिरासत में ले लिया हैं।

### पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा

## 10 महीने से फरार अड़ीबाजी का आरोपी गिरफ्तार



**बैतूल।** कोतवाली पुलिस ने करीब 10 महीने से फरार चल रहे अड़ीबाजी के आरोपी विकास पन्द्राम को गिरफ्तार किया है। आरोपी को सोनाघाटी फोरलेन हाईवे के पास से पकड़ा गया। यह मामला 27 फरवरी 2025 का है। फरियादी अफरोज उर्फ छोटू खान निवासी आजाद वार्ड बैतूल ने आरोपी विकास पन्द्राम के खिलाफ गाली-गलौज, मारपीट और अड़ीबाजी की शिकायत दर्ज कराई थी। इस संबंध में थाना कोतवाली में मामला दर्ज किया गया था। घटना के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था और पुलिस उसकी लगातार तलाश कर रही थी। 9 जनवरी 2026 को पुलिस को सूचना मिली कि विकास पन्द्राम सोनाघाटी फोरलेन हाईवे के पास कटी पहाड़ी पर देखा गया है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में ले लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। इसके बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान विकास पन्द्राम (30 वर्ष) पुत्र कैलाश पन्द्राम, निवासी पुलिस लाइन गंज बैतूल के रूप में हुई है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक नीरज पाल, उपनिरीक्षक नरेन्द्र उईके आदि की रही भूमिका।

## सड़कों पर ना आएं दुकानें आकस्मिक सड़क भी रहें खाली: एसडीएम

### मेला परिसर पहुंचे एसडीएम, एसडीओपी व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**सारनी।** श्री श्री 1008 बाबा मठारदेव का मेला सोमवार 12 जनवरी से प्रारंभ होगा। शनिवार को शाहपुर एसडीएम, एसडीओपी और तहसीलदार ने मेला एवं मंदिर परिसर का निरीक्षण किया। मेला परिसर पहुंचे एसडीएम प्रपंज आर. (आईएएस) ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि मेले ने आकस्मिक के अलावा कोई वाहन प्रवेश ना करें। नगरपालिका परिषद के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए सडक़ों पर दुकानें ना रहे एवं आकस्मिक सडक़ को खाली रखा जाए। उन्होंने मंदिर परिसर का भी निरीक्षण किया एवं दान पेटियों को सील करने के निर्देश तहसीलदार संध्या रावत को दिए। उन्होंने सीसीटीवी, सभी विभागों के अस्थाई कार्यालय एवं शौचालयों का काम पूरा करने के निर्देश दिए। एसडीओपी प्रियंका करचाम ने वीआईपी पार्किंग को खाली रखने के निर्देश दिए। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीके मेश्राम ने बताया कि मेले की तैयारी अंतिम चरणों में है। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी कैमरे, टेंट, लाइटिंग, पेयजल समेत अन्य व्यवस्थाएं रविवार शाम तक पूरी कर ली जाएगी। रंग रोगन एवं अन्य कार्य लगभग पूरे हो गए हैं।इस दौरान उपयंत्री रविन्द्र वराठे, कमलेश पटेल, स्वच्छता निरीक्षक केके भावसार, विनायक बागड़े समेत अन्य लोग उपस्थित थे। मेला परिसर में इस वर्ष नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा स्थाई मंच का निर्माण किया गया है। साथ ही विशाल सांस्कृतिक मंच के सामने ऑडिटोरियम स्टाइल में बैठक सीढि़यों का निर्माण किया है।

## युवा दिवस पर 12 जनवरी को जिले के विद्यालयों में होगा सामूहिक सूर्य नमस्कार

**बैतूल।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी जिले में 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद का जन्मदिवस युवा दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिले के सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं अन्य शिक्षण संस्थाओं में सामूहिक सूर्य-नमस्कार का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम जेएच कॉलेज में प्रातः 9 बजे से आयोजित होगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बैतूल कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। जारी निर्देश के अनुसार जिले के समस्त शिक्षण संस्थाओं में 12 जनवरी को प्रातः 9 बजे से प्रातः 10.30 बजे तक एक साथ सामूहिक सूर्य-नमस्कार कराया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान आकाशवाणी के माध्यम से प्रातः 9.30 बजे से 10.15 बजे राष्ट्रगीत वंदे मातरम, स्वामी विवेकानंद जी की वाणी, मुख्यमंत्री जी का रिकॉर्डेड संदेश तथा सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम का प्रसारण होगा। तदनुसार कार्यक्रम में पूर्व की भांति रेडियो आदि की

### कृषक कल्याण का शुभारंभ आज

## विकासखंड में चलेंगे कृषि रथ, पहुंचेगे हर पंचायत

**बैतूल।** म.प्र. शासन के द्वारा वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाये जाने के उपलक्ष्य रखा है। जिसका शुभारंभ आज मुख्यमंत्री के करकमलों से होगा। बैतूल कृषि विभाग के उपसंचालक डॉ. आनंद बडोनिया ने बताया कि बैतूल जिले के प्रत्येक विकासखण्ड के अंतर्गत निर्धारित ग्राम पंचायतों में कृषि रथ प्रस्थान करेगा। प्रत्येक दिन ग्राम पंचायत स्तर पर कृषि रथ के माध्यम से कृषि एवं संबंद्ध विषयों जैसे पशुपालन, उद्यानिकी, मत्स्य पालन आदि पर किसानों एवं कृषि वैज्ञानिकों के मध्य सीधा संपर्क कायम कर नवीन एवं वैज्ञानिकी तकनीकी सुधार की जानकारी पहुंचाने के उददेश्य से प्रचार प्रसार किया जायेगा। जैविक खेती एवं प्राकृतिककृषि क्षेत्रों का विस्तार, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना का प्रचार-प्रसार, एकीकृत पोषक तत्व, कीट एवं रोग प्रबंधन, कृषि को लाभकारी व्यवसाय बनाने के उपाय, फसल विविधीकरण को बढावा देना, विभागीय कृषि योजनाओं का प्रचार-प्रसार, प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना, ई-विकास प्रणाली अंतर्गत ई-टोकन उर्वरक वितरण व्यवस्था एवं पराली प्रबंधन के संबध में कृषि विज्ञान केन्द्र के कृषि वैज्ञानिक एवं किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के अधिकारियों के द्वारा विस्तार से अवगत कराया जावेगा। श्री बडोनिया ने बताया कि 11 जनवरी को विकासखण्ड के निर्धारित ग्राम पंचायतों में कृषि रथ पहुंचेगा। इस अवसर पर जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कृषि रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जावेगा। बैतूल जिला मुख्यालय में शिवाजी ओपन आडोटोरियम एवं विख मुख्यालय में जन प्रतिनिधियों के द्वारा कृषि रथ को रवाना किया जायेगा। कृषि रथ प्रथम पाली में प्रातः 11 से 1 बजे तक, द्वितीय पाली में दोपहर 2 से 4 बजे एवं तृतीय पाली में 4.30 से 6.00 बजे तक अवगत कराएंगे।

### कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने पत्रकार वार्ता में भाजपा सरकार के खिलाफ लगाए आरोप

# 'मनरेगा में बदलाव मजदूरों के संवैधानिक अधिकारों पर हमला'

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल




जिला कांग्रेस कार्यालय में शनिवार को आयोजित प्रेस वार्ता में कांग्रेस जिला अध्यक्ष निलय डागा ने केंद्र की मोदी सरकार पर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम में बड़े बदलाव कर गरीबों के काम करने और मजदूरी पाने के अधिकार छीनने का गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पहले मनरेगा के तहत ग्रामीण परिवारों को काम की कानूनी गारंटी थी और मांग करने पर 15 दिनों के भीतर रोजगार देना अनिवार्य था, लेकिन अब यह अधिकार समाप्त कर दिया गया है और काम सरकार की मर्जी पर निर्भर हो गया है।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने मनरेगा के तहत तय न्यूनतम मजदूरी की गारंटी भी खत्म कर दी है, जबकि पहले हर साल मजदूरी बढ़ती थी और साल भर काम मिलने से परिवारों को आर्थिक सुरक्षा मिलती थी। केंद्र सरकार अब मनरेगा मजदूरी का केवल 60 प्रतिशत भुगतान करेगी, जबकि 40 प्रतिशत राशि राज्यों को वहन करनी होगी, जिससे राज्यों पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा और बजट की कमी बताकर काम बंद किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि मनरेगा पिछले 20 वर्षों से देश के मजदूरों की जीवनरेखा रही है, जिसे कमजोर करना गरीबों के खिलाफ साजिश है। डागा ने मनरेगा को वीबीजी रामजी योजना में बदलने के फैसले पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि अगर कोई गांधी जी के नाम और उनके विचारों को लोगों के मन से हटाने की सोच रहा है तो यह कभी संभव नहीं है। उन्होंने सरकार पर मजदूर, किसान और आदिवासी विरोधी नीतियां अपनाने का आरोप लगाते हुए मनरेगा कानून बहाल करने और आदिवासियों, मजदूरों पर अत्याचार तुरंत रोकने की मांग की है।

#### मनरेगा और केंद्र सरकार के नए मॉडल वीबी योजना में अंतर

मनरेगा 2005 के तहत पूरे वर्ष काम, 100 दिन की कानूनी गारंटी, स्थानीय मांग आधारित कार्य, सोशल ऑडिट, ठेकेदारी पर रोक, 15 दिन में काम न मिलने पर बेरोजगारी भत्ता और 90 प्रतिशत केंद्र व 10 प्रतिशत राज्य की हिस्सेदारी थी। जबकि नए मॉडल में 60 दिन का अनिवार्य अवकाश, बजट आधारित योजना, ग्रामसभा की कमजोर भूमिका, बायोमेट्रिक हाजरी, भुगतान में देरी और राज्य की आर्थिक क्षमता पर निर्भरता रहेगी। जो किसी भी तरीके से मजदूर हितैषी योजना नहीं है। पीपीपी मोड में मेडिकल कॉलेज बनाने को लेकर गंभीर सवाल उठाते हुए श्री डागा ने कहा कि यह व्यवस्था गरीबों के इलाज को मुनाफे के हवाले करने जैसी है, जबकि चुनाव के समय वादा सरकारी मेडिकल कॉलेज का किया गया था। लगभग 38 एकड़ शासकीय भूमि, विशाल जिला चिकित्सालय का भवन और पूरा इन्फ्रास्ट्रक्चर सरकार का होने के बावजूद मेडिकल कॉलेज को पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मोड में देने पर सवाल खड़े हो रहे हैं कि आखिर निजी भागीदारी की जरूरत क्यों पड़ी।

#### निजी अस्पतालों की तरह महंगा होगा इलाज

पीपीपी मोड वाले मेडिकल कॉलेज में इलाज निजी अस्पतालों की तरह महंगा होगा, जहां गरीब मरीजों को मुफ्त या रियायती इलाज नहीं मिल पाएगा और जांच, ऑपरेशन, आईसीयू चार्ज व दवाइयों का खर्च आम जनता की पहुंच से बाहर होगा। आयुष्मान भारत और मुख्यमंत्री उपचार योजना जैसी सरकारी योजनाओं का लाभ भी सीमित कर दिया जाएगा, जिससे गरीब मरीजों को लाभ पाने के लिए भटकना पड़ेगा। पीपीपी मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में निजी मरीजों को प्राथमिकता मिलेगी और गरीब व सरकारी मरीजों के लिए बेड कम रहेंगे। इसके साथ ही मेडिकल शिक्षा भी अत्यधिक महंगी होगी, जिससे आदिवासी बाहुल्य बैतूल जिले के विद्यार्थियों के लिए एमबीबीएस और पोस्ट ग्रेजुएट की पढ़ाई करना लगभग असंभव हो जाएगा।

**न्यायालय तहसीलदार भैसदेही, जिला बैतूल म.प्र.**

रा.मा. क्र. 0001/अ-20 (5)2025-26/19 — दिनांक 02/01/2026
मौजा- भैसदही प.ह.न. 80

**विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम भैसदेही तहसील भैसदेही जिला बैतूल की शासकीय भूमि सर्वे नंबर 532 रकबा 0.462 हे. में से रकबा 0.200 हे. भूमि गीता भवन निर्माण हेतु आबंटित किये जाने का आवेदन विचारार्थ लिया गया है। उक्त आवंटन में जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो वह इस इश्तेहार जारी होने के दिनांक से प्रकरण में नियत आगामी (कम से कम 15 दिवस उपरांत) दिनांक 16/01/2026 के पूर्व अथवा उक्त दिनांक को अपनी आपत्ति ऑनलाईन अथवा लिखित रूप से न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि पश्चात प्रस्तुत आपत्तियों पर विचार नही किया जायेगा।
आज दिनांक 02/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर व पद मुद्रा से जारी किया गया है।

तहसीलदार
भैसदेही

## जैन संतो का सोहागपुर में हुआ आगमन



**सोहागपुर।** सोहागपुर जैन समाज के लिए गत दिवस अत्यंत शुभ तथा धर्ममय वातावरण से परिपूर्ण रहा। जब आचार्य विद्यासागर महाराज के शिष्य पावन सागर मुनि महाराज एवं सुब्रत सागर मुनि महाराज का सोहागपुर नगर में मंगल प्रवेश हुआ। जैन समाज से शुभम जैन ने बताया कि दोनों मुनि शमहाराज जयपुर से छिंदवाड़ा की ओर विहाररत हैं।

इसी क्रम में उनका सोहागपुर क्षेत्र में आगमन हुआ। इस अवसर पर दिवस की आहारचर्या प्रातः 10 बजे सुरेंद्र कुमार जैन के निवास पर संपन्न हुई। आहारचर्या उपरांत दोनों मुनि महाराज ने शोभापुर की ओर विहार किया।

मुनि महाराजों के आगमन से नगर में धार्मिक उत्साह का माहौल बना रहा। इस अवसर पर अभिषेक जैन, राजेश जैन एवं श्रेयांश जैन सहित समाजजन उपस्थित रहे।

### दर्दनाक हादसा: कंटेनर के पहिए के नीचे आने से अधिवक्ता की मौत


# इंदौर बैतूल हाईवे स्थित चापड़ा चौराहे पर बदहाल यातायात व्यवस्था बनी कारण

### 13 नवंबर को पूर्व प्रभारी के निलंबन के बाद से अब तक हाइवे चौकी पर नहीं हुई नए प्रभारी की नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा


नगर चापड़ा के मुख्य चौराहे की बदहाल यातायात व्यवस्था एक बार फिर जानलेवा साबित हुई। शनिवार सुबह करीब 11 बजे हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में कंटेनर के अगले पहिए के नीचे आने से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे ने स्थानीय प्रशासन और पुलिस व्यवस्था की लापरवाही को उजागर कर दिया है। प्राप्त जानकारी अनुसार मृतक की पहचान यशवंत पिता किशन चौहान, निवासी छिपानेर, तहसील नसरुल्लागंज, जिला सीहोर (म.प्र.) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वे पेशे से अधिवक्ता थे और इंदौर से अपने घर छिपानेर जा रहे थे। चापड़ा चौराहे पर यात्री बस के रुकने के दौरान वे शौचालय जाने के लिए उतरे थे, तभी यह हादसा हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों एवं सीसीटीवी फुटेज के अनुसार, इंदौर की ओर से आ रहा कंटेनर क्रमांक GJ 15 AX 9531 यात्री बस को ओवरटेक करने के प्रयास में रॉन्ग साइड से निकल रहा था। इसी दौरान कंटेनर चालक की चपेट में आने से यशवंत सड़क पर गिर पड़े और कंटेनर का अगला पहिया उनके ऊपर से गुजर गया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।



#### यातायात अव्यवस्था बनी हादसे की वजह

स्थानीय लोगों का कहना है कि चापड़ा चौराहे पर वाहन चालक मनमाने ढंग से जहां-तहां वाहन खड़े कर देते हैं।



खासकर यात्री बसों की अवैध पार्किंग और रॉन्ग साइड से वाहनों की आवाजाही के कारण यहां आए दिन जाम और हादसे होते रहते हैं। चौराहे से इंदौर–बैतूल नेशनल हाईवे गुजरने के कारण भारी व लोडिंग वाहनों का दबाव लगातार बना रहता है। हादसे के बाद चौराहे पर भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही 112 डायल पायलट रवि पटेल एवं प्रभारी विवेक गांगे मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल यशवंत को शासकीय अस्पताल बागली ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी कमलापुर सर्जन सिंह मीणा भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मृतक के पास मिले दस्तावेजों के आधार पर उनके पुत्र को सूचना दी, जिसके बाद वह इंदौर से बागली पहुंचे। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है तथा पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

#### कंटेनर चालक हिरासत में

हादसे के बाद कंटेनर चालक वाहन को पुरानी पुलिस चौकी के पास खड़ा कर स्वयं पुलिस चौकी पहुंच गया। पुलिस ने कंटेनर और चालक को राउंडअप कर लिया है।

#### प्रभारी न होने से बढ़ी अव्यवस्था

गौरतलब है कि चापड़ा पुलिस सहायता केंद्र के अंतर्गत 15 से अधिक गांव आते हैं और यह क्षेत्र अत्यंत व्यस्त होने के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित है। बावजूद इसके, 13 नवंबर को पूर्व प्रभारी के निलंबन के बाद से अब तक नए प्रभारी की नियुक्ति नहीं की गई है। वर्तमान में यह केंद्र केवल जवानों के भरोसे संचालित हो रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि शांति समिति की बैठकों में कई बार यातायात व्यवस्था सुधारने की मांग की गई, लेकिन प्रशासन की ओर से सिर्फ आश्वासन ही मिले।

## पानी की टंकियों की सफाई के लिए युकां ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

युवा कांग्रेस द्वारा शहर मे टंकी सफाई जल्द से जल्द कराये जाने एवं नाली सहित अन्य स्थानो से गयी पाइप लाइनों को हटाकर सुरक्षित स्थानो पर लगाने के लिए एक ज्ञापन एसडीएम को सौपा।

इस दौरान युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष गौरव चौधरी ने कहा की पिछले दिनों इंदौर की घटना याद दिलाते हुए कहा कि ऐसा हमारे यहां ना हो इस हेतु हमें पहले से सचेत रहना पड़ेगा।

युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष सौम्य दुबे ने कहा की शहर मे अनेक स्थान पर दूषित जल सप्लाई किया जा रहा है पाइप लाइन नालियो या अन्य ऐसे स्थानो से गयी है जहां से दूषित जल फैलने का खतरा हमेशा बना रहता है। इसके बचाव के लिए सबसे जरूरी है की पाइप लाइनो को ऐसे स्थानो पर लगाया जाए जहां किसी भी प्रकार की गंदगी ना हो।

प्रदेश महासचिव शम्मी जायसवाल ने कहा की यदि किसी छेत्र से दूषित पानी की शिकायत आती है तो 24 घंटे मे जांच 48 घंटे मे सप्लाई बंद कर वैकल्पिक व्यवस्था अनिवार्य किया जाना चाहिए।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष मयूर जायसवाल, युवा कांग्रेस पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोल्डी बैस पार्षद नारायण ठाकुर, अंजलि कालोसिया, कन्हैया लाल मिहानी, पार्षद प्रतिनिधि मनीष चौधरी, मुन्ना सिद्दीकी, अंशुल गोस्वामी, पप्पी कालोसिया, संतोष गुरयानी, एन एस चौहान, प्रतीक मालवीय, अर्चित नामदेव, मयंक चौरे, विशाल बड़कुर, आनंद पटेल, युवराज चौधरी, नमन पटेल, भानु उइके, राहुल बड़कुर ओम मेहतो सहित अन्य उपस्थित थे।

## वंदे मातरम के 150 वर्ष पर निबंध स्पर्धा में वर्धमान का दबदबा




हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विद्याभारती पूर्व छात्र परिषद द्वारा एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शहर के 30 स्कूलों के बीच हुई इस कड़ी स्पर्धा में वर्धमान पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए शीर्ष तीनों स्थानों पर कब्जा जमाया।

साईं कृष्णा रिसोर्ट में आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि शिक्षा विभाग के संयुक्त संचालक मनीष वर्मा और विशिष्ट अतिथि पंकज अग्रवाल ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। प्रथम स्थान पर वर्धमान स्कूल की अनुष्का कुमारी कक्षा 11वीं, द्वितीय स्थान जसप्रीत कौर कक्षा 9 वीं और तृतीय स्थान अंतरा वागरे कक्षा 11वीं रहीं।

इस प्रतियोगिता में वर्धमान स्कूल के 25 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया था, जिन्होंने राष्ट्रगीत के महत्व और इतिहास पर प्रभावी निबंध लिखे।

विद्यालय प्रबंधन ने सभी प्रतिभागी छात्राओं और विजेताओं को उनकी इस शानदार उपलब्धि और राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत प्रदर्शन के लिए बधाई व उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनायें दीं।

## वर्क फ्रॉम होम की आड़ में ढाई लाख ठगों को सौंपकर भुसावल की युवती घर से भागी, आरपीएफ ने परिजनों को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

साइबर अपराधियों के जाल में फंसकर अपना सब कुछ गंवा देने वाली एक 22 वर्षीय युवती को इटारसी रेलवे सुरक्षा बल ने तत्परता दिखाते हुए सुरक्षित बचा लिया। भुसावल की रहने वाली यह युवती ठगी के डर से बिना बताए घर से निकल गई थी, जिसे आरपीएफ ने ट्रेन से उतारकर उसके पिता के सुपुर्द किया।

#### ऐसे चला रेस्क्यू ऑपरेशन

9 जनवरी 2026 को आरपीएफ भोपाल के वरिष्ठ मण्डल सुरक्षा आयुक्त डॉ. अभिषेक को सूचना मिली कि भुसावल की एक युवती घर से लापता है और किसी ट्रेन में सवार हुई है। इटारसी आरपीएफ पोस्ट प्रभारी मनीष पाण्डेय ने तुरंत टीम गठित की। भुसावल आरपीएफ से सीसीटीवी फुटेज साझा किए गए,




जिससे पता चला कि युवती ट्रेन नंबर 12165 रतलाम-वाराणसी एक्सप्रेस के आगे वाले जनरल कोच में सवार हुई है। जैसे ही शाम करीब 6 बजे ट्रेन इटारसी स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 6 पर पहुंची, उपनिरीक्षक ओपी गुर्जर, आरक्षक हरेंद्र कुमार और महिला प्रधान आरक्षक रानू विश्वकर्मा ने युवती को पहचान लिया और सुरक्षित उतारकर पोस्ट पर ले आए।

#### ठगी की खौफनाक दास्ता

पूछताछ में युवती घनिष्ठा चौधरी ने अपनी आपबीती सुनाई, जो किसी के लिए भी एक बड़ा सबक है। शुरुआत में इंस्टाग्राम पर एक वर्क फ्रॉम होम लिंक दिखा, जिस पर युवती ने अपनी बैंक डिटेल्स और मोबाइल नंबर रजिस्टर किया। युवती को टेलीग्राम पर अनन्या नाम की महिला ने छोटे टास्क दिए। शुरुआत में 100 रुपए इन्वेस्ट करने को कहा गया। झांसा देने के लिए अपराधियों ने एक फर्जी पोर्टल पर युवती का प्रॉफिट बढ़ता हुआ दिखाया, लेकिन पैसा निकालने के लिए और निवेश की शर्त रखी। धीरे-धीरे निवेश 100 से बढ़कर हजारों में पहुंच गया।

युवती ने अपने पिता और दोस्तों के खातों से करीब 2.5 लाख रुपये अपराधियों के बताए यूपीआई लिंक पर ट्रांसफर कर दिए। जब युवती ने पैसे वापस मांगे, तो उससे कुल राशि का 10 प्रतिशत कमीशन मांगा गया।

पैसे खत्म होने और ठगी के डर से वह इतनी घबरा गई कि स्कूटी छोड़कर ट्रेन में बैठकर भाग निकली। आरपीएफ ने रात में ही युवती के पिता को इटारसी बुलाया। कागजी कार्रवाई और तस्दीक के बाद महिला आरक्षक प्रज्ञा और रानू विश्वकर्मा की मौजूदगी में युवती को उसके पिता को सौंप दिया गया।

## 'हौसलों की दहाड़' इटारसी में दिव्यांग क्रिकेट का महाकुंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

कहते हैं, मंजिलें उन्हीं को मिलती हैं, जिनके सपनों में जान होती है पंखों से कुछ नहीं होता, हौसलों से उड़ान होती है। इटारसी के गांधी स्टेडियम की फिजाओं में 13 और 14 जनवरी को यही पंक्तियां हकीकत बनकर गूंजेंगी। यह सिर्फ चौके-छक्कों की जंग नहीं, बल्कि हर उस बाधा के खिलाफ एक जीत है जो इंसान को रोकने की कोशिश करती है।

इस आयोजन को सफल बनाने के लिए इटारसी के 'नेकी के स्तंभों' ने हाथ मिलाया है। पत्रकार अनिल मिहानी अपने पिता स्व. किशनचंद मिहानी की स्मृति में संपूर्ण पुरस्कार प्रदान कर रहे हैं। युवा व्यावसायी निपुण गोठी की ओर से 85 खिलाड़ियों को खेल की शर्ट भेंट की जा रही है। जितेंद्र ओझा ने अग्रवाल भवन में खिलाड़ियों के ठहरने का जिम्मा उठाया है। नगर पालिका



अध्यक्ष पंकज चौरे द्वारा साउंड एवं ग्राउंड की व्यवस्था की जा रही है। मनीष ठाकुर के सहयोग से खिलाड़ियों के भोजन की पुख्ता व्यवस्था है। गोपाल सिद्धवानी पूरे शहर में इस जज्बे की गूंज पहुंचा रहे हैं। जाफर सिद्दीकी द्वारा खिलाड़ियों के लिए सम्मान पत्र सुनिश्चित किए गए हैं।

जब ये दिव्यांग खिलाड़ी आपके पास आमंत्रण लेकर आएं, तो याद रखिएगा। वे आपसे आर्थिक सहयोग नहीं, बल्कि आपके शहर का अपनापन और सम्मान मांगने आए हैं। उनकी मेहनत को आपकी तालियों की गडग़ड़ाहट चाहिए।

## यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

यातायात सुरक्षा को लेकर मप्र पुलिस विशेष सतर्कता अभियान चला रही है। अभियान अंतर्गत सोहागपुर पुलिस की ओर से भी आते-जाते वाहनों की जांच की जा रही है तथा ज़रूरी कार्रवाई की जा रही है।

सोहागपुर पुलिस द्वारा विशेष रूप से स्कूली बच्चों को लाने वाली बसों एवं ट्रैक्टरों की जांच अनिवार्य रूप से की जा रही है। ध्यान रखा जा रहा है कि स्कूली बसों में सुरक्षा के सभी उपकरण उपलब्ध हों, ताकि स्कूली बच्चों की सुरक्षा के मानकों का पालन हो सके। वहीं ट्रैक्टरों तथा ट्रालियों में विशेष रूप से रेडियम



पट्टियां लगाने का काम भी विशेष रूप से किया जा रहा है। गत दिवस चेकिंग अभियान स्टेट हाईवे पर चलाया जिसमें स्कूल बसों, ट्रैक्टरों एवं ट्रालियों सहित सभी चौपहिया व दोपहिया वाहनों पर चालानी कार्रवाई की गई है। पुलिस ने 23 प्रकरणों में 9700 रुपये समन शुल्क भी वसूल किया है। पुलिस ने यातायात के नियमों का पालन करने तथा स्वयं सुरक्षित रहने की अपील की है।

## कोच भूपेंद्र पोल देंगे नर्मदापुरम पिकलबॉल का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नर्मदापुरम पिकल बॉल संगठन द्वारा 16, 17 और 18 जनवरी को एलजी कॉलोनी स्थित पिकल बॉल ग्राउंड पर एक विशेष प्रशिक्षण कैंप आयोजित किया जा रहा है। इस कैंप की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें ऑल इंडिया पिकल बॉल संगठन के मुख्य कोच भूपेंद्र पोल खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करेंगे।

15 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए संगठन द्वारा पेडल और बॉल मुफ्त उपलब्ध कराए जाएंगे। कैंप प्रतिदिन शाम 4 बजे से रात 8 बजे तक आयोजित होगा। कैंप में भाग लेने के लिए 300 रुपए का रजिस्ट्रेशन शुल्क निर्धारित किया



गया है। संगठन के संरक्षक दिनेश गोठी के अनुसार, इस कैंप का मुख्य उद्देश्य स्थानीय खिलाडिय़ों को इस उभरते खेल के प्रति जागरूक करना और उन्हें तकनीकी रूप से सशक्त बनाना है। तैयारियों की बैठक में सतेंद्र पाल सिंह जग्गी, गोल्डी मोलासरिया, विपिन चांडक, विकास जुनेजा, अंशु मिश्रा, अजय दवे, हिमांशु सोनी, तरुण रायचंदानी और कोषाध्यक्ष वरुण जजवानी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## नपाध्यक्ष पंकज चौरे का बड़ा एक्शन: शहर की जल व्यवस्था को हाईटेक और दुरुस्त करने के लिए खुद संभाली कमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

इटारसी के नागरिकों को बेहतर सुविधाएं और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के अपने संकल्प को दोहराते हुए नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे शनिवार को एक्शन मोड में नजर आए। शनिवार की सुबह उन्होंने शहर के सभी प्रमुख संपवेल और पानी की टंकियों का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान अध्यक्ष ने न केवल व्यवस्थाओं का जायजा लिया, बल्कि जल संकट की भविष्य की चुनौतियों को देखते हुए तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने के कड़े निर्देश भी दिए।

#### काम में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

निरीक्षण के दौरान सूरजगंज स्थित पानी की टंकी पर पंप ऑपरेटर की अनुपस्थिति को अध्यक्ष ने गंभीरता से लिया। उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया कि जनता की सेवा में किसी भी स्तर पर लापरवाही



स्वीकार्य नहीं है। मौके पर ही उन्होंने संबंधित ऑपरेटर का वेतन काटने के निर्देश दिए, जिससे विभाग के अन्य कर्मचारियों में भी अनुशासन का संदेश गया है।

#### जीर्ण-शीर्ण ढांचे का होगा कायाकल्प

नपाध्यक्ष ने न्यास कॉलोनी पार्क स्थित क्षतिग्रस्त टंकी की स्थिति को भांपते हुए नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोपरि रखा। उन्होंने जर्जर ढांचे के समाधान और नए विकल्पों पर विचार करने की बात कही। वहीं, धौखेड़ा और खेड़ा संपवेल की मोटरों की पेंटिंग, वायरिंग और प्रेशर ग्राउटिंग के जरिए सिस्टम को 'अपडेट' करने का निर्देश दिया, ताकि आने वाले समय में तकनीकी खराबी के कारण जलापूर्ति बाधित न हो।

#### स्वच्छता और सुदृढ़ीकरण पर जोर

नपाध्यक्ष चौरे ने शहर की हर टंकी की गहराई से जांच की और अधिकारियों को 'क्वालिटी मेंटेनेंस' का मंत्र दिया। पंकज चौरे ने सीएमओ ऋतु मेहरा, सहायक यंत्री मीनाक्षी चौधरी और जल विभाग की टीम को निर्देश दिए कि सभी कार्यों को निर्धारित समय सीमा (डेडलाइन) के भीतर पूर्ण किया जाए। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि देवेंद्र पटेल, रविन्द्र जोशी, और संजय दुबे सहित जल विभाग के प्रमुख कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कौमी एकता की गूंज, मौला अली के जन्मोत्सव पर उमड़ा



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर के ऐतिहासिक अंजुमन स्कूल परिसर में बीते दिनों हजरत मौला अली के जन्मोत्सव के अवसर पर एक ऐसा मंजर देखने को मिला, जिसने सांप्रदायिक सौहार्द की नई मिसाल पेश की। समाजसेवी आरिफ खान चिश्ती द्वारा आयोजित इस लंगर एवं कव्वाली कार्यक्रम ने न केवल अकीदतमंदों का दिल जीता, बल्कि हिंदू-मुस्लिम एकता के प्रतीक के रूप में अपनी अमिट छाप छोड़ी।

**कव्वालियों से बंधा शमां, कौमी एकता का संदेश:** कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मशहूर कव्वालों की प्रस्तुति रही। उन्होंने अपनी रूहानी आवाज में जब देशप्रेम और कौमी एकता की कव्वालियां पेश कीं, तो पूरा पंडाल मौला अली के नारों और तालियों की गडग़ड़ाहट से गूंज उठा। रात भर चले इस आयोजन में कव्वाल ने भक्ति और भाईचारे का ऐसा समां बांधा कि दोनों समुदायों के लोग मंत्रमुग्ध नजर आए।

### किसान रथ यात्रा को लेकर जनपद पंचायत में हुई बैठक

# कृषि वर्ष 2026 में गांव में पहुंचेगा 'कृषि रथ'

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

मध्य प्रदेश सरकार ने वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। समूचे प्रदेश में कृषि वर्ष अंतर्गत विभिन्न कृषि पर्व आयोजित किए जाने हैं। इसी क्रम में रथ यात्रा का आयोजन होना है, जिसके लिए एक महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को सोहागपुर जपं सभा कक्ष में की गई है।

सोहागपुर प्रभारी वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी सुनील बर्डे ने बताया कि जपं अध्यक्ष जालम सिंह पटेल, भाजपा मंडलाध्यक्ष अश्वनी सरोज, मिथलेश ठाकुर, एसडीएम प्रियंका भल्लावी, तहसीलदार रामकिशोर झरबड़े व जपं प्रभारी सीईओ पी अरजरिया की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई।



पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से उन्होंने बताया कि पशुपालन, उद्यानिकी, मत्स्य पालन पर किसानों एवं कृषि वैज्ञानिकों के मध्य सीधा संपर्क स्थापित करने किसान रथ यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें किसानों को नवीन एवं वैज्ञानिक रूप से कृषि उत्पादन प्राप्त करने एवं कृषि उत्पादन में तकनीकी आवश्यकता के बारे में भी अवगत कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्ष में प्रति सीजन एक माह प्रत्येक ब्लॉक में कृषि रथ चलाए जाने हैं।

#### प्रतिदिन तीन ग्रापं का लक्ष्य

सुनील बर्डे ने बताया कि कृषि रथ का रूट चार्ट इस तरह बनाया जाएगा की प्रति दिवस तीन ग्राम पंचायतों का भ्रमण संपन्न हो तथा एक माह में ब्लॉक की सभी ग्राम पंचायतों में कृषि रथ पहुंचकर किसानों से संपर्क कर सके। रथ संचालन का शुभारंभ मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा आज भोपाल में किया जाएगा।

#### ये होंगे मुख्य लक्ष्य

कृषि विभाग द्वारा नौ लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। किसानों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से किसान रथ निकाले जाएंगे। इन लक्ष्यों में जैविक खेती एवं प्राकृतिक खेती क्षेत्र में विस्तार, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना का प्रचार, एकीकृत पोषक तत्व कीट एवं रोग प्रबंधन, कृषि को लाभकारी व्यवसाय बनाने के उपाय, फसल विविधीकरण को बढ़ावा, कृषि विभाग योजनाओं की पर्याप्त पहुंच, प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना का मैदानी क्षेत्र में लाभ वितरण, विकास प्रणाली अंतर्गत ई-टोकन से उर्वरक वितरण तथा पराली प्रबंधन शामिल किए गए हैं।

## मतदाता सूची में मृतकों के नाम, बीएलओ पर कार्रवाई हो

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



नगर के वार्ड 12 में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य के दौरान बीएलओ की बड़ी लापरवाही उजागर हुई है। सूची में कई मृत व्यक्तियों के नाम शामिल किए जाने के विरोध में नगर कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है।

नगर कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी के नेतृत्व में कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को ज्ञापन सौंपकर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई। कांग्रेस का आरोप है कि मृत व्यक्तियों के नाम सूची में जोडऩा लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ है, जो आगामी चुनावों की निष्पक्षता पर सवाल खड़े करता है।

कांग्रेस ने लापरवाही बरतने वाले बीएलओ के खिलाफ तत्काल सख्त कदम उठाने और मतदाता सूची से मृतकों के नाम हटाकर उसे अविलंब शुद्ध करने सहित पूरे प्रकरण की जांच कर जवाबदेही तय करने की मांग की।

इस अवसर पर पूर्व पार्षद रजनीकांत सोनकर, चंदू दुबे, अतुल तिवारी, अनिल रैकवार, सोनू बकोरिया, पिंकी शर्मा, अनूप काचले सहित अन्य वरिष्ठ कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### आज दो घंटे बंद रहेगी बिजली

**हरदा।** रविवार को दोपहर 1 से 3 बजे तक दो घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह कटौती 132 के.व्ही. उपकेन्द्र हरदा में 33 के.व्ही. हाफ मेन बसबार पर आवश्यक सुधार और संधारण कार्य के कारण की जाएगी। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी के महाप्रबंधक ने बताया कि इस दौरान उपकेन्द्र से निकलने वाले 33 के.व्ही. फीडर सोनतलाई, कांकरिया, अबगांवखुर्द, करताना, टिमरनी और रहटगांव प्रभावित होंगे।इन फीडरों से संबंधित 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र रेलवा, सोनतलाई, कांकरिया, अबगांवखुर्द, आदमपुर, पोखरनी, करताना, तजपुरा, नयागांव, टिमरनी, उन्द्राकच्छ, चारखेड़ा, रहटगांव, झाड़बिड़ा और टेमागांव में भी विद्युत प्रदाय बाधित रहेगा।

### शहर में 26 जनवरी से सात दिवसीय शिव महापुराण

**सीहोर।** देश के कोने-कोने में शिव महापुराण से सनातन धर्म को जोड़ने वाले कथा वाचक पंडित राघव मिश्रा आगामी दिनों शहर के बड़ा बाजार स्थित अग्रवाल धर्मशाला में 26 जनवरी से सात दिवसीय शिव महापुराण करेंगे। कथा के आयोजन को लेकर तैयारियां की जा रही है। कथा दोपहर दो बजे से और सात दिन लगातार सुबह नौ बजे रुद्र अभिषेक नियमित रूप से किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए नारी शक्ति महिला मंडल की ओर से ज्योति अग्रवाल एवं अंजू अजय अग्रवाल ने बताया कि शहर के सभी महिला मंडलों की ओर से सात दिवसीय शिव महापुराण का आयोजन किया जा रहा है। नारी शक्ति महिला मंडल की बैठकों का आयोजन आगामी दिनों में किया जाएगा। जिसमें रुद्राभिषेक, कथा और भव्य शोभा यात्रा आदि के संबंध में चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि सात दिवसीय शिव महापुराण में भगवान शिव की लीलाओं और 12 ज्योतिर्लिंगों के बारे में विस्तार से वर्णन किया जाएगा। कथा के पहले दिन सुबह 10 बजे शहर के बड़ा बाजार से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए कथा स्थल पर पहुंचेगी। इसके पश्चात कथा वाचक पंडित राघव मिश्रा के द्वारा यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को नियमित रूप से प्रसादी प्रदान की जाएगी।

### सीहोर में रोजगार मेला 16 जनवरी को

**सीहोर।** युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 16 जनवरी को सीहोर स्थित डॉ. अम्बेडकर शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में प्रातः 11 बजे से युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेले में रोजगार विभाग द्वारा स्थानीय, प्रदेश एवं अन्य राज्यों की कंपनियों को आमंत्रित कर युवाओं को रोजगार प्रदान किया जावेगा। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा स्वरोजगार विभागों के स्वरोजगार प्राप्त हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा एवं नये प्रकरण तैयार किये जायेंगे। इसके साथ ही आईटीआई विभाग द्वारा अप्रेंटिसशिप के लिये युवाओं को चयनित किया जायेगा। इच्छुक आवेदक अपने सभी मूल दस्तावेजों के साथ 16 जनवरी को रोजगार मेले में उपस्थित हो सकते हैं।

### तीन गांवों में बाघ-तेंदुए का आतंक

**सीहोर।** जिले के सिराडी, नीलबड़ और कुशलपुरा गांवों में बाघ और तेंदुए की मौजूदगी से ग्रामीण और किसान दहशत में हैं। लगातार वन्यजीव दिखाई देने की खबरों के बाद लोग रातभर जागकर अपने खेतों और परिवार की सुरक्षा कर रहे हैं। ग्रामीण अपनी सुरक्षा के लिए रात के समय खेतों पर आग जला रहे हैं। हाथों में डंडे लेकर पहरा दे रहे हैं और पटाखे फोड़कर बाघ और तेंदुए को भगाने की कोशिश कर रहे हैं। कई ग्रामीणों ने इन वन्यजीवों के वीडियो भी बनाए हैं। वन विभाग की टीम पिछले तीन दिनों से लगातार सर्चिंग कर रही है, लेकिन अब तक बाघ या तेंदुआ नजर नहीं आया है। जब भी ग्रामीणों से सूचना मिलती है, टीम मौके पर पहुंचती है, लेकिन जानवर वहां से जा चुके होते हैं।

---

### अंतर जिला युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का शुभारंभ, इंदौर के 37 बच्चे हुए शामिल

# युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया

**पूर्व कैबिनेट मंत्री कमल पटेल ने विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने हेतु संकल्पित होने का आव्हान किया**




हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

विकसित भारत के तहत अंतर जिला युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का शुभारंभ हरदा में किया गया। जानकारी देते हुए जिला युवा अधिकारी मोनिका चौधरी ने बताया कि इस कार्यक्रम में इंदौर जिले से आए 37 बच्चों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का आयोजन मेरा युवा भारत हरदा द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत मध्यप्रदेश शासन के पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल द्वारा की गई। उन्होंने इंदौर से आए बच्चों को किट प्रदान कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।

इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को हरदा जिले के इतिहास, संस्कृति, विकास कार्यों एवं सामाजिक विशेषताओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी और युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथी के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री मध्यप्रदेश शासन कमल पटेल ने युवाओं को नेतृत्व क्षमता का विकास कैसे हो बताया गया माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने हेतु संकल्पित होने का आव्हान किया। किसी चीज को पढ़ने से ज्यादा उनको साक्षात देखने से ज्यादा सीख मिलती हैं। इस कार्यक्रम से युवाओं के अंदर सामाजिक विकास होता है और आसपास के वातावरण को देखने से माहौल का अच्छा अनुकरण मिलता है।

#### व्यक्ति को एक सपना देखना चाहिए कि हमें करना क्या है

उन्होंने बताया कि यदि शिक्षक ईमानदारी पूर्वक अपने कर्तव्य का पालन करेंगे तो बच्चे कभी अनुशासनहीन नहीं हो सकते है इसलिए बच्चे अपने दीर्घ इच्छा शक्ति से आगे बढ़े जिससे सफलता निश्चित होगी। इस प्रशिक्षण के माध्यम से व्यवहारिक ज्ञान की प्राप्ति हुई होगी क्योंकि इसमें व्यवहारिक ज्ञान की प्राप्ति ज्यादा होगी। साथ ही जिला युवा अधिकारी मोनिका चौधरी ने बताया कि हर व्यक्ति को एक सपना देखना चाहिए कि हमें करना क्या है और उन सपनों को पूरा करने का प्रयत्न करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा, मंडल अध्यक्ष नीतेश बादर, जिला महामंत्री बसंत राजपूत, नगर महामंत्री पुरुषोत्तम झिंझोरे, समाजसेवी नीरज गुर्जर, प्रशांत शर्मा, राहुल जाट, मयंक शर्मा, ऋषभ बैरागी, साहिल टिलोतिया भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने युवाओं से संवाद करते हुए ऐसे कार्यक्रमों को आपसी समझ, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और नेतृत्व विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। यह कार्यक्रम 10 से 14 जनवरी तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियां आयोजित होंगी।

---

### जन भागीदारी से सहयोग लेंगे

## गांधी चौक के पुनर्निर्माण के लिए जिला प्रशासन राशि जारी करेगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिरकिया


हरदा कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने शनिवार को खिरकिया शहरी क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गांधी चौक का निरीक्षण किया। जनप्रतिनिधियों द्वारा हरदा कलेक्टर को बताया गया कि लंबे समय से गांधी चौक जीर्ण शीर्ण हालत में है।

शहर की ऐतिहासिक धरोहर है जल्द से जल्द सुधार होना चाहिए। जनप्रतिनिधियों ने हरदा कलेक्टर को बताया कि गांधी चौक पुराना निर्माण होने के चलते जर्जर घोषित हो चुका है। इस पर हरदा कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने कहा कि अगर भवन जर्जर घोषित हो चुका है तो नगर परिषद इसे डिस्मेंटल करने का काम शुरू करें। कलेक्टर जैन द्वारा बताया गया कि गांधी चौक के पुनर्निर्माण के लिए जिला प्रशासन से राशि भी अलाट की जाएगी एवं जन भागीदारी में गांधी चौक का पुनर्निर्माण किया जाएगा। इस दौरान भाजपा नेता रविंद्र दुआ भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय समेत अन्य उपस्थित थे। पार्षद नेहा दुआ ने बताया कि गांधी चौक शहर की ऐतिहासिक विरासत है और प्रत्येक वर्ष 15 अगस्त और 26 जनवरी पर बड़ी संख्या में तिरंगा फहराने के लिए स्कूली छात्र-छात्राएं एवं जनप्रतिनिधि इस स्थान पर पहुंचते हैं। चौक पर यातायात व्यवस्था भी बुरी तरीके से बदहाल है। चौक से एक रास्ता किल्लोद क्षेत्र की ओर जाता है तो दूसरा नगर परिषद कार्यालय की ओर बीचोबीच यह गांधी चौक स्थित है। चौक के आसपास ठेले वाले भी अव्यवस्थित तरीके से खड़े रहते हैं जिससे यातायात व्यवस्था पूरी तरीके से प्रभावित होती है। पास ही रेलवे गेट होने की वजह से बार-बार जाम की स्थिति बनती है।

---

### स्वच्छता ही सेवा अभियान

## न्यायालय परिसर में चलाया गया साफ-सफाई कार्यक्रम



**हरदा।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जिला न्यायालय परिसर में प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष अरविंद रघुवंशी के मार्गदर्शन में साफ-सफाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सभी न्यायाधीशगण, जिला अधिवक्ता संघ के अधिवक्तागण, लीगल एड डिफेंस काउंसिल, न्यायालयीन कर्मचारियों, पैरालीगल वॉलंटियर्स के द्वारा भागीदारी की जाकर न्यायालय परिसर की साफ-सफाई की गई। कार्यक्रम में प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा उपस्थित गणमान्यजन से न्यायालय परिसर एवं अपने कार्य स्थल को साफ सुधरा रखने की अपील की गई। कार्यक्रम में विशेष न्यायाधीश जयदीप सिंह, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय सुधीर कुमार चौधरी, तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश निसार अहमद खान, द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश निमिष राजा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट लवकेश सिंह, एस.के. भदकारिया, प्रेमदीप शाह, संजीव राहंगडाले, न्यायिक मजिस्टेज्ट प्रथम श्रेणी काजल सिंह पटेल, जिला विधिक सहायता अधिकारी सौरभ कुमार दुबे, अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ जगदीश विश्वकर्मा, सचिव जिला अधिवक्ता संघ शैलेन्द्र जोशी सहित अन्य अधिवक्तागण, न्यायालयीन कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

---

### महापुरुषों व शहीदों के व्यक्तित्व और बलिदान से परिचित कराया गया

# नन्हे बच्चों ने किया नपा की शहीद गैलरी का भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

बच्चों में देशप्रेम, संस्कार और राष्ट्रीय चेतना के बीज बोने के उद्देश्य से शिवानुजा प्ले स्कूल, हरदा द्वारा आज स्कूली बच्चों को नगरपालिका परिसर स्थित शहीद गैलरी का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर बच्चों को देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले महापुरुषों एवं शहीदों के व्यक्तित्व और बलिदान से परिचित कराया गया। शहीद गैलरी में स्थापित प्रतिमाएँ बच्चों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनीं। शिक्षकों द्वारा बच्चों को सरल शब्दों में बताया गया कि देश की आज़ादी और सुरक्षा के लिए हमारे वीर सपूतों ने अपने प्राणों की आहुति दी। इन प्रतिमाओं के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि देश सर्वोपरि है और राष्ट्र सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं होता। बच्चों ने गैलरी में देशभक्ति से ओत-प्रोत वातावरण को उत्साह और जिज्ञासा के साथ अनुभव किया। संस्था की डायरेक्टर विभूति गौर ने जानकारी देते हुए बताया कि बच्चों को नगरपालिका ले जाकर पहले गार्डन का भ्रमण कराया गया, जिससे वे प्रकृति और सार्वजनिक स्थलों की उपयोगिता को समझ सकें, इसके पश्चात शहीद गैलरी का अवलोकन कराया गया। उन्होंने कहा कि बचपन में दी गई संस्कारयुक्त शिक्षा ही भविष्य में अच्छे नागरिकों का निर्माण करती है।

#### वास्तव में यह एक शानदार और प्रेरणादायी पहल है

इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष भारती राजू कमेडिया भी उपस्थित रहीं। उन्होंने शिवानुजा प्ले स्कूल की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि नन्हे-मुन्ने बच्चों को देश की सेवा करने वाले महापुरुषों और शहीदों से अवगत कराना वास्तव में एक शानदार और प्रेरणादायी पहल है। इससे बच्चों में शुरू से ही देशभक्ति और जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। भ्रमण के दौरान बच्चों के साथ संस्था की उप प्राचार्य समीक्षा त्यागी, सुधा ठाडा, ऋतु राजपूत, भावना वर्मा, आनंद गौर, माधुरी शर्मा सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएँ भी उपस्थित रहीं, जिन्होंने पूरे कार्यक्रम को सुव्यवस्थित एवं रोचक रूप से संपन्न कराया। यह शैक्षणिक भ्रमण न केवल बच्चों के लिए ज्ञानवर्धक रहा, बल्कि उनके मन में देश के प्रति सम्मान, गर्व और सेवा भाव को मजबूत करने वाला अनुभव भी साबित हुआ।

---

## महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने वृद्धाश्रम का भ्रमण किया

**हरदा।** स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस के उपलक्ष्य में युथ रेड क्रॉस के अंतर्गत सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा वृद्धाश्रम का भ्रमण किया गया।



महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा उन्हें संतुलित आहार के बारे में जानकारी दी गई तथा स्वस्थ रहने के बारे में बताया गया व छात्राओं द्वारा फल वितरित किए गए। इस अवसर पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करने हेतु महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संगीता बिले, प्रशासनिक अधिकारी व्ही.के. बिछोतिया, एन.एस.एस. प्रभारी रीना मालवीय, आयुषी सिसोदिया, डॉ. आशा गायकवाड़ सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

---

### दुर्गम घाट व अंधे मोड़ों पर दुर्घटनाओं की संभावनाओं से है आशंकित

## बड़ी नीलीखाली की महिलाओं ने जेसीबी का घेराव किया

**झिरन्या।** वनग्राम बड़ी नीलीखाली और हनुमान फालिया के दुर्गम घाट एवं अंधे मोड़ों से आदिवासी महिलायें भयाक्रांत हैं। उन्होंने शुक्रवार को जेसीबी मशीन का घेराव कर अपना आक्रोश व्यक्त किया और कहा-मौतें होंगी तो जिम्मेदार कौन होगा?



उन्होंने कलेक्टर से गुहार लगाई है कि यदि वे स्वयं आकर देखें कि कार्यों में कितनी मनमानी एवं लापरवाही की जा रही है? लोक निर्माण विभाग उपसंभाग भीकनगांव द्वारा निर्माणाधीन उक्त कार्य प्रारम्भ से ही विवादों में है। लेकिन अधिकारियों और ठेकेदार की अनदेखी से जन आक्रोश निरंतर बढ़ रहा है। जब यह प्रतिनिधि वहां पहुंचा तो घरेलु महिला हो या वृद्धा सभी सड़क पर आ गई। वे सभी अनहोनी-घटनाओं में अपने बेटे-बेटी,पति अथवा अन्य परिजनों के खोने की आशंकाओं से भयाक्रांत थी। महिलायें चल पड़ी घाट दिखाने महिलाओं ने इस प्रतिनिधि को बड़ी नीलीखाली के लम्बे उतार-चढ़ाव वाले घाट,अंधे मोड़ों और हनुमान फालिया के ऐसे ही घाट की जानकारी दी।वे सभी इनसे आवाजाही के दौरान अनहोनी घटनाओं की संभावनाओं से चिंतित थी। इनमें रमा, चम्पा, लीला, अदलीबाई, बारकी, सुरली, सुरभि, सायबी, बबली, घिनाबाई, कुमरी बाई, सागरीबाई, आमनाबाई, दसरीबाई, बदीबाई, गुलाबबाई आदि प्रमुख हैं। उन्होंने उक्त घाट एवं मोड़ दिखाने के लिए साथ चलने का अनुरोध किया और वे करीब डेढ़-दो कि.मी.पैदल ही चल पड़ी थी।

#### जेसीबी का घेराव कर विरोध दर्ज करवाया

महिलायें सबसे पहले हनुमान-फालिया के लम्बे घाट एवं अधिक घुमावदार सड़कपर पहुंची थी। वहां पर्याप्त स्थान होने पर भी उन्हें सुधारा नहीं गया है। जिसकी डामरीकृत सड़क से उतरने-चढ़ने के दौरान सदैव दुर्घटनाओं की संभावनाएं बनी रहती है। इसके बाद जब महिलायें बड़ी निलीखाली के दुर्गम घाट पर पहुंची तो संयोगवश ठेकेदार की जेसीबी मशीन आते हुए मिली। जिसका उन्होंने घेराव कर अपना विरोध दर्ज कराया और घाट सुधारों,घाट सुधारों के नारे लगाए। उन्होंने कहा कि यदि उनकी समस्याएं हल नहीं की गई तो आन्दोलन करेंगी और कलेक्टर खरगोन से भी मिलेंगी।

---

### विधिक सेवा प्राधिकरण ने कानून के बारे में किया जागरुक

## गरीब, वंचित लोगों को गर्म कपड़े व कंबल बांटे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हरदा द्वारा शुक्रवार को आंगनवाडी केन्द्र क्रं. 70 वार्ड क्रं. 34 हरदाखुर्द में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित न्यायाधीश व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चन्द्रशेखर राठौर ने उपस्थितजन को महिलाओं के अधिकार, बच्चों के अधिकार घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, यौन उत्पीड़न, सालसा व नालसा की योजनाओं पीड़ति प्रतिकर योजना, नालसा (गरीबी उन्मूलन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन) योजना 2015 के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना का मुख्य उददेश्य सामाजिक और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गो तक उनके मूल अधिकारों की पंहुच को सुनिश्चित करना है। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा गरीब बच्चों एवं बुजूर्गों को बिस्किट, गर्म कपड़े, कंबल आदि का वितरण किया गया। शिविर में महिलाएं, बच्चें तथा पैरालीगल वॉलेंटियर्स ज्योति तिवारी, कंचन लुनिया उपस्थित रहे।

---

### न्याय के लिए एसपी कार्यालय में भूख हड़ताल पर बैठे पीड़ित परिजन

# एसआई को गिरफ्तार कर नौकरी से बर्खास्त करने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

हाईवे पर दुर्घटना को अंजाम देकर एक व्यक्ति की जान लेने वाली और तीन लोगों को गंभीर घायल करने वाली थार कार चालक एसआई किरण राजपूत सहित घायलों की मदद नहीं कर एसआई को मौके से फरार करने वाले आरक्षक के के यादव को गिरफ्तार करने और नौकरी से बर्खास्त करने की मांग को लेकर पीड़ित परिजन शुक्रवार को एसपी कार्यालय में भूख हड़ताल पर बैठ गए। भूख हड़ताल प्रदर्शन के दौरान मृतक के भाई भारतीय सेना में पदस्थ और कोतवाली टीआई राविंद्र यादव की पुलिस के द्वारा समय पर कार्रवाही नहीं किए जाने को लेकर तीखी बहस भी हो गई।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनिता रावत ने पीड़ित परिजनों को समझाईस देने की कोशिश की लेकिन परिजन कुछ भी सुनने को तैयार नहीं हुए। न्याय के लिए परिजनों के साथ बैठी फरियादिया सीमा शर्मा पत्नि स्वर्गीय जय शर्मा ग्राम रातीबड तह हुजूर जिला भोपाल ने बताया कि 12 दिसंबर समय दोपहर 12: 30 से 12:45 को पति विजय शर्मा और देवर हिरदेश शर्मा (भारतीय सेना में पदस्थ) राजाराम शर्मा मोटर साईकिल से सीहोर से अपना निजि कार्य निपटा कर घर की ओर लौटते समय झागरिया जोड़ इंदौर भोपाल हाइवे सीहोर रोड पर आष्टा थाना में पदस्थ एस आई किरण राजपूत ने लाल रंग की थार जीप को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए किनारे पर मोटर साइकिल पर सवार पति एवं देवर को टक्कर मार दी ओर 25 से 30 फिट घसीटते हुये कम्बल बेच रहे व्यापारियों को कुचलते हुये झाडियों में घुस गई। पति की अस्पताल ले जाते समय उनकी दर्दनाक मृत्यु हो गई एवं देवर हिरदेश शर्मा गंभीर रूप से घायल होकर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती है। एसआई. किरण राजपूत ने अपनी कार से उतरकर घायलो को देखा तक नहीं उल्टा मौके पर उपस्थित लोगो को धमकाया की मैं पुलिस में एसआई हूं । दो पुलिस वालों की सहायता से अपनी थार कार मौके पर छोड़ कर पुलिस जवानो की मदद से भाग गई ।

अब पुलिस द्वारा महिला एमआई को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। जबकी वीडियो सोशल मीडिया एवं समाचार चैनलों पर भी आया है तब पुलिस द्वारा हिट एण्ड रन की धाराओं में एफ आईआर दर्ज नहीं की है।

---

## ग्रामीण क्षेत्रों में घना कोहरा छाया : न्यूनतम तापमान 8 डिग्री, मावठा गिरने की संभावना

**सीहोर।** जिले में ठंड का असर लगातार बना हुआ है। शुक्रवार सुबह ग्रामीण क्षेत्रों में करीब 10 बजे तक घना कोहरा छाया रहा। कोहरे के कारण सड़कों पर साफ दिखाई नहीं दे रहा था और हाईवे पर वाहनों की रफ्तार काफी धीमी हो गई। वाहन चालकों को हेडलाइट जलाकर चलना पड़ा। ग्रामीण इलाकों के साथ-साथ नदी और तालाबों के आसपास कोहरा ज्यादा घना रहा। भोपाल-इंदौर हाईवे पर भी धुंध और कोहरे के कारण वाहन धीरे-धीरे चलते नजर आए। कई जगह विजिबिलिटी काफी कम हो गई थी।

**जनवरी में फिर बढ़ी ठंड :** जनवरी की शुरुआत में तीन दिन तक घना कोहरा रहा था, इसके बाद कुछ दिन राहत मिली। लेकिन शुक्रवार को एक बार फिर कोहरे ने दस्तक दी। कभी कोहरा तो कभी साफ आसमान, ऐसे मिले-जुले मौसम के बीच ठंड का असर लगातार बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर दिशा से ठंडी हवाएं आ रही हैं। इससे तापमान में गिरावट देखी गई है। गुरुवार को न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस था, जो शुक्रवार को घटकर 8 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया।